# तालस्मिान सेबर अभ्यास 2025

[स्रोत: द हिंदू]

**भारत** पहली **बार ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व वाले बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास तालिस्मन सेबर अभ्यास 2025** के **11वें संस्करण** में भाग ले रहा है।

## तालिस्मन सेबर अभ्यास 2025

- **परिचय: वर्ष 2005** में शुरू किया गया और **हर दो वर्ष में आयोजित किया जाने वाला तालिस्मन सेबर अभ्यास, ऑस्ट्रेलिया** और **अमेरिका के बीच** एक **द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास के रूप में शुरू हुआ** और तब से यह एक प्रमुख **बहुराष्ट्रीय युद्ध अभ्यास के रूप में विकसित हो गया है, जिसमें** यूरोपीय भागीदारों के अलावा प्रमुख **हिंद-प्रशांत भागीदार भी शामिल हैं।**
  - इस अभ्यास के 11वें और अब तक के सबसे बड़े संस्करण में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, भारत, जापान, फ्राँस, ब्रिटेन तथा अन्य 19 देशों के 35,000 से अधिक सैन्यकर्मी शामिल हैं, **जो उन्नत बहुराष्ट्रीय** समन्वय और **क्षमता** का **प्रदर्शन करते हैं**।
  - **क्वींसलैंड, उत्तरी क्षेत्र, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, न्यू साउथ वेल्स और क्रिसमस द्वीप** में आयोजित, **पहली बार पापुआ न्यू गिनी में विस्तार के साथ**, विस्तारित क्षेत्रीय सहभागिता को चिह्नित किया गया।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य एक **स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देना, सैन्य तत्परता, अंतर-संचालन, संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाना** तथा सहयोगी राष्ट्रों के बीच **क्षेत्रीय सुरक्षा संरचना को सुदृढ़ करना है।**
- **स्थान: ऑस्ट्रेलिया** और **अपतटीय स्थानों** में कई **रक्षा तथा गैर-रक्षा प्रशिक्षण क्षेत्रों** में **आयोजित** किया गया।
- **प्रमुख सैन्य गतिविधियाँ: इसमें लाइव-फायर ड्रिल, फील्ड प्रशिक्षण, जल-थल लैंडिंग, जमीनी बल युद्धाभ्यास, हवाई युद्ध, समुद्री संचालन** और **बल तैयारी अभ्यास** शामिल हैं, जो संयुक्त युद्ध क्षमताओं को बढ़ाते हैं।

## प्रमुख भारत-ऑस्ट्रेलिया सैन्य अभ्यास

- **ऑसइंडेक्स (नौसैनिक), पिच ब्लैक (वायु), ऑस्ट्राहिंद (सैन्य)** ।

## प्रमुख भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास

- **युद्ध अभ्यास (सैन्य), टाइगर ट्रायम्फ, कोप इंडिया (वायु) और वज्र प्रहार।**

**और पढ़ें: भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास, भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-talisman-sabre-2025